**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 829**
**सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025 (17 अग्रहायण, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

## बेहतर संपर्क हेतु कड़पा विमानपत्तन का विकास

**829. श्री मेदा रघुनाधा रेड्डीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रायलसीमा क्षेत्र में संपर्क सुधार हेतु कड़पा विमानपत्तन के विकास हेतु क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) उड़ान योजना के अंतर्गत रायलसीमा से विभिन्न स्थानों तक हवाई संपर्क बढ़ाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) सीमांत या वंचित क्षेत्रों में संपर्क विकास हेतु वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग): कडपा हवाईअड्डे को 99.36 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है और वर्ष 2017 में उड़ान योजना के तहत प्रचालनरत किया गया है। वर्तमान में, कडपा मैसर्स इंडिगो एयरलाइन द्वारा प्रचालित सेवाओं के माध्यम से चेन्नई, विजयवाड़ा और हैदराबाद से जुड़ा हुआ है।

उड़ान योजना एक बाजार-संचालित योजना है जिसमें समय-समय पर बोली प्रक्रिया के दौर आयोजित किए जाते हैं। विशेष मार्गों पर मांग के मूल्यांकन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइन उड़ान योजना के तहत बोली लगाने के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। वैध बोलियों का मूल्यांकन किया जाता है और मार्गों को परिचालनरत करने के लिए अवार्ड किया जाता है।

आरसीएस उड़ान योजना के तहत वर्ष 2024-25 में असेवित/अल्पसेवित हवाईअड्डों के पुनरुद्धार और उन्नयन के लिए 606.04 करोड़ रुपये की राशि आवंटित और उपयोग की गई थी।

******